# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

पत्रांक 1837 /12–1 देहरादून, दिनांक 27 नवम्बर, 2019.

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
ऋषिकेश।

विषयः– प्रस्ताव संख्या–FP/UK/Road/37612/2018 जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत सनगांव से नाहीकलां तक मार्ग नव निर्माण परियोजना में प्रभावित होने वाले वृक्षों की पुर्न गणना के सम्बन्ध में।

महोदय,

विषयांकित परियोजना के निर्माण हेतु हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित भूमि यथा आरक्षित वन, ग्राम समाज व नाप खेत आदि पर उक्त परियोजना में प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या 521 दर्शायी गयी है। ज्ञातव्य है कि उक्त वृक्षों की गणना वर्ष 2018 में सम्पादित की गयी थी, जिसको काफी समय व्यतीत हो चुका है, जिसके दृष्टिगत वर्तमान में सम्बन्धित वृक्षों के व्यासवर्ग इत्यादि में अन्तर होना स्वाभाविक है, फलस्वरूप यह आवश्यक है कि प्रस्तावक विभाग एवं थानों रेंज के स्टॉफ द्वारा प्रश्नगत क्षेत्र में प्रभावित होने वाले वृक्षों का पुनः स्थलीय निरीक्षण करते हुए पातन हेतु वास्तविक वृक्षों को चिन्हित कर लिया जाय।

अतः उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि अपेक्षित कार्यवाही कर कथित परियोजना में प्रभावित होने वाले वृक्षों की संशोधित सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि तद्नुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सम्पादित की जा सके।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।